





# जीतू पटवारी पर हुए हमले के विरोध में कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 03 सितम्बर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया पिंकी और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष रामशेष बघेल ने प्रदेश में बढ़ते हुए नशे के कारोबार को रोकने और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले के विरोध में पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश के नाम एसपी भिंड के प्रतिनिधि सीएसपी निरंजन राजपूत को ज्ञापन दिया

नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया ज्ञापन में प्रमुख रूप से 31 अगस्त को रतलाम प्रवास के दौरान जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों द्वारा एकत्र होकर हिंसक वातावरण निर्मित किया गया एवं उन पर जानलेवा हमला किया गया जीतू पटवारी पर पूर्व में भी इस तरह की हमले हो चुके हैं परंतु सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है दूसरी और प्रदेश नशे का गढ़ बनता जा रहा है, नित नई नशे के उद्योगों की जानकारी प्राप्त हो रही है। वहां से करोड़ों की सामग्री प्राप्त हो रही है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया पिंकी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामशेष बघेल, डॉ. राधेश्याम शर्मा, राहुल भदौरिया, प्रमोद चौधरी, मनोज दैपुरिया, जयश्रीराम बघेल, बाबा भगवान दास सेंथिया, संतोष त्रिपाठी, रेखा भदौरिया, संदीप मिश्रा, गजेंद्र सिंह भदौरिया, लायक सिंह गुर्जर, पान सिंह सुमन, आशुतोष शर्मा, विवेक पचौरी, चेतन शर्मा, दीपक शर्मा पार्षद, अनिल भारद्वाज, शिशुपाल भदौरिया, महेश जाटव, केदार कौशल, राहुल कुशवाह, शैलेंद्र भदौरिया, चतुर सिंह नरवरिया, वीरेंद्र यादव, बृजेंद्र सिंह कल्लू, गोविंद राजावत, दीपू दुबे, अनिरुद्ध त्रिपाठी, सत्येंद्र भदौरिया आदि शामिल रहे।

# मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत भारतीय सीमाओं का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,03 सितम्बर।** मां तुझे प्रणाम मध्य प्रदेश शासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग की द्वारा संचालित लोकप्रिय योजना मां तुझे प्रणाम योजना है जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र की सीमाओं की यात्रा के माध्यम से सीमा पर सैन्य गतिविधियों से अवगत कराना तथा उन्हें देशभक्ति एवं साहस की भावना से प्रेरित करना है । साथ ही प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक, स्थान से परिचय कराने के लिए मां तुझे प्रणाम योजना के माध्यम जिले के युवाओं युवक/युवतियों योजना के अंतर्गत भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 15 से 25 वर्ष की युवक/युवतियों भ्रमण हेतु आवेदन कर सकते हैं । जिसमें युवक एवं युवती सीमाओं जवानों से मिलेंगे तथा वह किस प्रकार वहां रह रहे हैं, कैसे देश की रक्षा करते हैं व किन परिस्थितियों में रहते हैं ये सब वहां पर भ्रमण कर जानेगें ।इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड से पांच युवक/युवतियों (01 एन.सी.सी. 01 एन.स.स. 01 खिलाड़ी 01 मेधावी छात्र एवं 01 स्काउट गाइड) का चयन किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत जिले के गत वर्ष युवक /युवतियों भ्रमण पर गए थे । इस वर्ष भी सीमाओं का भ्रमण करेंगे ।अपने आवेदन जिला मुख्यालय / मेहगांव मुख्यालय श्रीमती नीतू सोनी युवा समंवयक खेल और युवा कल्याण विभाग 88399 10799 से संपर्क कर सकते हैं। तथा विभाग की वेबसाइट से ऑनलाइन फॉर्म निकालकर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज फिटनेस, सर्टिफिकेट,आयु एवं मूल निवासी,स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संबंधित थाने से चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे। आवेदक की जमा करने की अंतिम तिथि 6 सितंबर 2025 है। पूर्व में जिन युवक / युवतियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की यात्रा कर ली है उन युवाओं के आवेदन मन नहीं होंगे।

## पेंशनर महासंघ के प्रदेश महामंत्री बनने पर बादल का स्वागत



**भिण्ड।** सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र बादल के प्रथम नगर भिण्ड आगवन पर गत सोमवार को मजदूर संघ के कार्यालय जनक पैलेस लश्कर रोड भिण्ड पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, बीएमएस अभिषेक सिंह परमार, पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष शिवनंदन सिंह भदौरिया, जिला सचिव बीरेन्द्र कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला सचिव सत्यनारायण सोनी, कोषाध्यक्ष अवधेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कुसुम परमार, ब्लॉक अध्यक्ष अंकित बादल, स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक रिपुदमन सिंह, रंधीर सिंह एडवोकेट उपस्थित रहे।

## साक्षरता सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों के निर्देश

**गुणा।** निरक्षरता उन्मूलन के लिये जिले में अप्रैल 2022 से मार्च 2027 तक के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम होंगे। 01 सितम्बर से 08 सितम्बर 2025 तक साक्षरता सप्ताह मनाए जाने के क्रम में विभिन्न गतिविधियां जैसे-संस्थाओं में साक्षरता रैलियों का आयोजन, छात्र-छात्राओं के सहयोग से असाक्षरों का सर्वे साक्षरता पंजियों का संधारण, साक्षरता के प्रचार-प्रसार हेतु दीवारों पर नारे लेखन, प्रत्येक संस्था में साक्षरता की शपथ एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले साक्षरता कर्मियों को प्रशस्ति पत्रों का वितरण आदि कार्य सम्पादन करने के निर्देश सभी बीआरसीसी विकास खंड सह समन्वयक साक्षरता एवं संस्था प्रभारियों को दिए गए हैं।



# शिक्षकों का जिज्ञासु किट आधारित प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,03सितम्बर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार जिज्ञासु किट पर आधारित विगत दिनों तीन-तीन दिवसीय प्रथम एवं द्वितीय चरण में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

डाइट प्राचार्य आनंद शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण आईआईटी गांधीनगर गुजरात (सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग) द्वारा विकसित जिज्ञासु किट पर आधारित रहा। जिले के सभी 69 जन शिक्षा केंद्रों में से प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से दो माध्यमिक विद्यालयों के गणित अथवा विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों तथा प्रत्येक विकासखंड से एक खंड अकादमिक समन्वयक (बीएसी) को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण प्रभारी संदीप सिंह कुशवाह ने बताया कि जिज्ञासु किट प्रशिक्षण में कुल 39 गणित-विज्ञान की अवधारणाओं को विकसित करने हेतु क्रियाशील मॉडल बनाना एवं उनका प्रायोगिक रूप से अभ्यास करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। क्रियाशील मॉडलों में गणित विषय में एक हजार वर्ष वाला कैलेंडर, थ्रीडी आकृतियां, पायथा गोरस प्रमेय, गणित का जादू , संख्या पद्धति, सकुनी के पांसे वहीं विज्ञान में डीसी मोटर, रंगीन छाया, पाइप जनरेटर, पिनहोल कैमरा, कार्टेसियन डाइवर, पीवीसी वाद्य यंत्र, मोटर निर्माण, जनरेटर इत्यादि पर आईआईटी गांधीनगर द्वारा प्रशिक्षित केआरपी द्वारा प्रतिभागियों को प्रायोगिक तौर पर अभ्यास कराते हुए, प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को विज्ञान गणित किट प्रदान करते हुए आह्वान किया गया कि सभी प्रशिक्षित शिक्षक इस किट का प्रयोग अपने-अपने विद्यालय में बच्चों के साथ आओ करके सीखें, खेल-खेल में, गतिविधि आधारित क्रियाकलापों के माध्यम से करते हुए उनकी समझ विकसित करेंगे। इस अवसर पर डा .परमाल सिंह कुशवाह, वरुण सिंह भदौरिया, केआरपी दिनेश सिंह भदौरिया, प्रमोद शाक्य, विनायक शर्मा, गोविंद सिंह भदौरिया के साथ डाइट से राकेश शर्मा, जितेंद्र सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

# मिशन वात्सल्य एवं शक्ति के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,03सितम्बर।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन तिवारी के निर्देशन में मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति के तहत शासन द्वारा निर्धारित कैलेंडर अनुसार डाइट परिसर में जिला भिण्ड अंतर्गत विकास खण्ड मेहगांव, रौन और लहार के माध्यमिक और उच्च शिक्षकों के साथ प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने दिया।

कार्यशाला में डायट प्राचार्य आनंद स्वरुप शर्मा महिला बाल विकास से लेखपाल आनंद मिश्रा सहित विकास खण्ड मेहगांव रौन और लहार के माध्यमिक और उच्च शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला में मिशन वात्सल्य और जिला हब फॉर एंपावरमेंट और वूमेन एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सभी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जागरुक किया गया। सभी शिक्षकों को बाल अधिकार के संबंध में जागृत करते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में बाल शोषण, बाल यौन शोषण की समस्या बहुत ही आम हो गई है यह एक उत्कृष्ट समाज के लिए अच्छा नहीं है सामान्यतः बच्चों के साथ होने वाली घटनाओं में चिर परिचित और पहचान वाले लोगों का ही हाथ होता है, विभिन्न प्रकरणों में ऐसा पाया गया है कि अजनबी व्यक्तियों द्वारा इस तरह की घटनाएं कम ही देखने को मिली है और कोई भी व्यक्ति यह बिल्कुल ना सोचे कि हम इस प्रकार के वातावरण में हैं जहां हमारे बालक बिल्कुल सुरक्षित हैं। हमें अपने बच्चों को जागरूक करना होगा उन्हें सुरक्षित असुरक्षित स्पर्श की जानकारी देनी होगी और जानकारी देते ही उन्हें बचाव के तरीके भी बताने चाहिए। वर्तमान में छोटे बच्चों के साथ में यौन उत्पीडऩ् की घटनाओं से नकारा नहीं जा सकता है ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि बच्चों को गहन तरीके से समझाया जाए जिससे उनको हो सकने वाली घटनाओं के प्रति जागरूक किया जा सकता है। सभी शिक्षकों से अपेक्षा की गई कि वह व्यवहार पर्यवेक्षण के माध्यम से इस तथ्य को देख सकते हैं साथ ही विद्यालय होने वाली अभिभावक शिक्षक बैठक में भी इन मुद्दों को उठाएं और एक बालक और उनके अभिभावक साथ ही बालक और शिक्षक के मध्य एक सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित हो सके। जिससे बच्चा बिना डरे बिना सहमें बिना हिचकिचाहट अपनी बात सीधे अपने अभिभावक, शिक्षक को बता सके। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एक ऐसी ही आपातकालीन सेवा है जो बच्चों के साथ होने वाले हर प्रकार के शोषण से उनकी रक्षा करने का कार्य करती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों को विभाग की ओर से तैयार प्रशिक्षण के पोक्सो किट पोक्सो पेंपलेट, हब, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी भी दी गई।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन शिक्षा, संस्कार और समर्पण का अदभुत संगम : डॉ . सक्सेना



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,03सितम्बर।** गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनाओं, कृतज्ञता और प्रेरणा का संगम है। यह वह क्षण है जब हम ज्ञान देने वाले गुरुओं को श्रद्धा के साथ नमन करते हैं और साथ ही उन छात्रों का अभिनंदन करते हैं, जो गुरु की शिक्षा को आत्मसात कर जीवन में उत्कृष्टता की ओर बढ़ते हैं। यह बात भारत विकास परिषद शाखा भिण्ड द्वारा जेके पब्लिक हाईस्कूल में आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. विनोद सक्सेना ने कही। इस अवसर पर कवि कौशलेन्द्र सिंह, रामबाबू शर्मा, डॉ. साकार तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गुरु को भगवान से भी श्रेष्ठ माना है। गुरु केवल वह नहीं जो हमें किताबों से पढ़ाता है, बल्कि वह है जो हमारे जीवन को दिशा देता है। वह हमें सिखाता है कि कैसे संघर्षों से लडऩा है, कैसे सफलता को प्राप्त करना है, और कैसे असफलता से हार नहीं माननी। सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन के मूल्यों, नैतिकता, अनुशासन और आत्म-निर्भरता का पाठ पढ़ाते हैं। एक अच्छा शिष्य वही होता है जो गुरु की शिक्षाओं को श्रद्धा और निष्ठा से स्वीकार करता है और उन्हें अपने आचरण में उतारता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर किया गया। जिसके उपरांत डॉ. साकार तिवारी, रामबाबू शर्मा ने भारत विकास परिषद के पांच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण पर प्रकाश डालते हुए सभी को परिषद की परिकल्पना, कार्यों एवं गुरु बंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम कौशल और कौशलेन्द्र सिंह ने बच्चों को कविता के माध्यम से छात्र गुरु एवं माता-पिता का बंधन एवं उसकी महत्वता से अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 विद्यार्थियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व मैडल से सम्मानित किया गया साथ ही विद्यालय परिवार से 30 शिक्षक तथा शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गान के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में पांच सेकड़ा से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## मंत्री शुक्ला ने किया जलबिहार मेला का उद्घाटन

### गौरव दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,03सितम्बर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद गोरमी के धूरिकोट मन्दिर प्रांगण में जल बिहार मेला महोत्सव एवं गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया, नगर परिषद गोरमी अध्यक्ष पुष्पा जाटव, सीएमओ गोरमी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि गोरमी का ये मेला अच्छा और भव्यता से लगे इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह जल बिहार मेला 13 सितंबर तक अयोजित किया जाएगा। गोरमी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हूं, सभी को मिलकर विकास के क्षेत्र में अग्रसर रहना चाहिए।

## लायंस क्लब का नि :शुल्क मोतियाबिंद शिविर आयोजित

**गुना।** लायंस क्लब गुना सिटी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित लायंस नेत्र चिकित्सालय और जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निऱ्शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मरीजों को जांच से लेकर ऑपरेशन तक की सभी सुविधाएं पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई जाती हैं। इसमें मरीजों को दवा, चश्मा, लेंस, भोजन, नाश्ता और चाय तक की सुविधा दी जाती है। इसी क्रम में लायंस नेत्र चिकित्सालय, गुना में आगामी गुरुवार और शुक्रवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 4 सितंबर, गुरुवार को इकोदिया और बामोरी शाला में तथा 5 सितंबर, शुक्रवार को मुंगावली में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगेंगे।

# गुना की बेटी कुहु शर्मा को मिला राष्ट्रपति अवार्ड

**नवभारत न्यूज**
**गुना।** शहर की होनहार बेटी कुहु शर्मा ने राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त कर शहर सहित गुना जिला और प्रदेश का नाम रौशन किया है। वे शहर के व्यवसायी होटल और सिनेमाघर संचालक संदीप शर्मा की बेटी हैं। उन्होंने अपनी बेटी की उपलब्धी को उसकी 5 साल की मेहनत का परिणाम बताया हैं। उल्लेखनीय है कि भारत स्काउट गाइड गुना के स्काउट गाइड रोवर रेंजर को 2016 से 21 बैच के लिये राष्ट्रपति अवार्ड प्रदान किये गये हैं। यह अवार्ड भारत मंडपम नई दिल्ली में दिनांक 31 अगस्त 2025 को आयोजित राष्ट्रीय समारोह में केन्द्रीय मंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग मनसुख मांडाविया के द्वारा दिये गये। इनमे कुहु शर्मा भी शामिल हैं। कार्यक्रम में दिल्ली स्काउट के अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी भी उपस्थित थे । यह पुरूस्कार संबंधित परीक्षा के तीन चरण पास करने के बाद दिया जाता है, जिसमें पाँच साल की कड़ी मेहनत लगती हैं। यह स्काउट गाइड में सर्वोत्तम पुरुस्कार हैं। कुहु शर्मा, की इस सफलता पर परिजनों सहित दोस्त रिश्तेदार और जानने वाले हर्षित है। उन्होंने बेटी के उज्जवल मविष्य की कामना की है।

# आशाओं को सिखाई कैंसर से बचाव की पाठशाला



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 सितम्बर।** भगवंती बाई शिक्षा प्रसार समिति आशा प्रशिक्षण केन्द्र में चल रही एनसीडी बैच प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत बुधवार को विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेश शर्मा डीटीओ ने ब्लॉक लहार एव ब्लॉक गोहद की आशा कार्यकर्ताओं का सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर की प्रारंभिक पहचान और प्रबंधन पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर की समय पर पहचान से मृत्यु दर को काफी हद तक घटाया जा सकता है। आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशाओं को स्वयं स्तन परीक्षण की विधि प्रायोगिक रूप से सिखाई तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु नियमित स्क्रीनिंग और एचपीवी टेस्ट की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रशिक्षण का संचालन केन्द्र के समन्वयक शशिकांत शर्मा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे समुदाय म स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। इस अवसर पर डीसीएम सौरभ शर्मा एवं बीसीएम नागेन्द्र उपस्थित रहे और उन्होंने आशाओं को प्रेरित किया कि वे गांव-गांव जाकर महिलाओं को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें आशाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान कराया।

# शिक्षा वह जो चरित्र और संस्कार का निर्माण करे : डॉ . गुर्जर




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,03सितम्बर।** गुरु बंधन-छात्र अभिनंदन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का उत्सव है, जो गुरु और शिष्य के बीच के पवित्र रिश्ते को सम्मान और स्नेह के साथ दर्शाता है। यह बात भारत विकास परिषद शाखा भिण्ड द्वारा आयोजित गुरु वंदनछात्र अभिनंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।

उन्होंने कहा कि गुरु वह दीपक हैं जो हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाते हैं। हमारे चरित्र का निर्माण करते हैं, और हमें अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। शिक्षा वह है जो चरित्र और संस्कार की बात करें, माता-पिता हमारे प्रथम गुरु हैं उनका भी बंदन स्मरण हमें रोजाना करना चाहिए क्योंकि इस छात्र वंदन गुरु अभिनंदन का मुख्य उद्देश्य यही है कि हमारा चिंतन और चरित्र ऐसा हो कि हम भारतीय परंपरा का ठीक से निर्माण कर पाए। सही मायने में वही शिक्षा है। यह बात डॉ. धीरज गुर्जर ने कही। रेड रोज स्कूल में भारत विकास परिषद शाखा भिण्ड द्वारा आयोजित गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. धीरज गुर्जर ने कही अध्यक्षता डॉ. डीके शर्मा, कमलेश सैंथिया,डॉ साकार तिवारी, गणेश भारद्वाज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर किया गया। जिसके उपरांत डॉ. साकार तिवारी, गणेश भारद्वाज एवं कमलेश सैंथिया ने भारत विकास परिषद के पांच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. डीके शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। यदि हम सभी जीवन को बेहतर ढंग से जीना चाहते हैं तो बाहर की चीजों को खाने से बचना चाहिए। साथ ही मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन हेतु डेंगू ,मलेरिया को लेकर जनजागरूकता हेतु बच्चो से कहा किए आस-पास जल संग्रह ना होने दे और घर में रखे हुए पानी की नियमित निकासी करें, हर हफ्ते घर मे रखे हुए पानी को बदलते रहना चाहिए, छत पर रखी पानी की टंकियों को ढककर रखें जिससे की हम मलेरिया एवं डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियों से बचे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को गुरु बंदन छात्र अभिनंदन अंतर्गत सामूहिक रूप से सदाचार व गुरुओं के सम्मान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव राजमणि शर्मा आभार प्राचार्य ज्योति सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 विद्यार्थियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व मैडल से सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय परिवार से 25 शिक्षक तथा शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गान के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में तीन सेकड़ा से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**पर्यूषण पर्व** — धूप चढ़ाकर झुलाया भगवान का पालना, सातवें दिन मना उत्तम तप धर्म, मंदिरों में हुआ अभिषेक, शांतिधारा

# धूपदशमी पर जिनालयों पर देर रात तक उमड़ा रहा सैलाब

**नवभारत न्यूज**
**गुना। पर्वाधिराज पर्युषण पर्व अब अंतिम बेला में पहुंच रहा है। बुधवार को पर्युषण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की साधना की गई। इस मौके पर मंदिरों पर प्रतिदिन की भांति श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन उपरांत विधान हुए। इसके पूर्व रात्रि को सुगंध दशमी पर देर रात तक श्रद्धालुओं का सैलाब जैन मंदिरों पर उमड़ा।**

यहां उन्होंने भगवान को धूप एवं लौंग चढ़ाकर शहर के सभी जैन मंदिरों की वंदना की। इस दौरान पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं चंद्रप्रभु जिनालय पर बच्चों ने आकर्षक धार्मिक झांकियां लगाई। वहीं श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान के पालने को झुलाया। इस मौके पर स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित चंद्रप्रभु जिनालय की झांकी में स्वयंभू स्त्रोत और भगवान चंद्रप्रभु की महिमा को बताया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार रात को पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर पर जैन युवा संगठन द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता, शांतिनाथ जैन बाजार मंदिर पर ट्रस्ट समिति द्वारा आरती भक्ति एवं प्रश्न मंच, चंद्रप्रभु जिनालय पर त्रिमूर्ति महिला मंडल द्वारा धार्मिक हाउजी, वासुपूज्य जिनालय पर श्री भक्तांबर महिला मंडल द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग के लिए आयोजित की जाएगी।

इस मौके पर उत्तम तप धर्म पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री निर्मोह सागरजी महाराज ने कहा कि हमें किसी दूसरों को नहीं स्वयं को सयंमित बनाना है। संयम धारण करके ही तप किया जाता है। वहीं तपस्वी एक दर्पण की तरह होता है वह किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होता और नाही अच्दे निमित्तों से प्रभावित होता है। कितने भी उपसर्ग आ जाए तपस्वी कभी भी विचलित नहीं होता है। जिस प्रकार रोटी बेलकर उसे अग्नि पर सेका जाता है। वैसे ही शरीर को ध्यान की अग्नि में तपाकर ही कर्मों को नष्ट किया जाता है। इच्छाओं को मार देना ही तप है। जैसे बिना पका आम खट्टा रहता है और पक जाने पर उसका रंग भी बदल जाता है और स्वाद मीठा हो जाता है। जो विषयों की आशा को छोड ?र, परिग्रह से दूर होकर, ज्ञान ध्यान और तप में लीन होते है वहीं सच्चे साधु होते हैं। आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज ऐसे ही तपस्वी साधक थे जिन्होंने अपने जीवन का एक क्षण भी व्यर्थ नहीं गंवाया। ऐसे महान तपस्वी साधुओं के चरण जिस नगर में पड़ते हैं वह नगर तीर्थ बन जाता है। जल शीलत होने पर अग्नि की संगति पाकर गर्म हो जाता है।